# वायुसेना का अधिकारी हनी ट्रैप का शिकार

▸ पीड़ित ने एसपी ऑफिस में की शिकायत

▸ बदनाम करने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

**ग्वालियर, 5 नवम्बर. ग्वालियर से हनीट्रैप का एक सनसनीखेज मामला सामने आ रहा है जहां एक वायुसेना के अधिकारी को प्रेमजाल में फंसाकर उससे 1400000 लूट लिए गए और इतने पर ही मामला नहीं रुका और जब आगे इस अधिकारी को बदनाम करने की धमकी देकर और अधिक ब्लैकमेल किया जाने लगा तो मजबूरीवश एसपी ऑफिस में आकर अपनी पीड़ा सुनानी पड़ी.**

पूरा मामला वायुसेना से जुड़ा होने के चलते पुलिस ने भी इसे गंभीरता से लिया. हालांकि एक वायुसेना अधिकारी के साथ हुए हनीट्रैप के इस घटना को लेकर पुलिस भी हैरान है. वायुसेन अधिकारी ने एसपी ऑफिस में की गई शिकायत में बताया कि क्वैक एप्लिकेशन के माध्यम से उसकी बातचीत सिलीगुड़ी में रहने वाली शुभश्री मोदक से शुरू हुई. इस महिला ने बातचीत में ही खुद को इवेंट मैनेजर बताया. साथ ही उसने यह भी कहा कि उसे एक सिक्योरिटी एजेंसी खोलनी है इसके लिए उसे निवेशक भी चाहिए. बातचीत में प्रेम प्रसंग के चलते इस महिला ने वायुसेना अधिकारी का विश्वास जीत लिया था जिसके चलते बातों में आकर वायुसेना अधिकारी ने सिक्योरिटी एजेंसी में इनवेस्टमेंट के लिए पैसा दिया. वायुसेना अधिकारी का कहना है कि अट्ठाईस फरवरी से अठारह अगस्त के बीच विभिन्न तिथियों पर बैंक ट्रांजैक्शन क्रेडिट कार्ड और पेमेंट एप के माध्यम से इस महिला को चौदह लाख रुपए दिए हैं. शिकायतकर्ता वायुसेना अधिकारी ने बताया कि बारह मार्च को वह सिलीगुड़ी गया था जहां महिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ.यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के प्लानेट मॉल में हुआ था.हालांकि कार्यक्रम फेल हो गया था. महिला से प्रेम प्रसंग के चलते वहां पर भी दोनों कई बार होटल में रुके जहां उनके शारीरिक संबंध बने. महिला ने वायुसेना अधिकारी को बताया था कि वह कंपनी में बीस प्रतिशत पार्टनर है.आगे जब कंपनी लाभ में जाएगी तो उसे भी लाभ का हिस्सा मिलेगा. एक तरफ इनवेस्टमेंट से लाभ और दूसरी तरफ प्रेम प्रसंग का जाल इस तरह दोनों ही लालच में वायुसेना अधिकारी फंसता चला गया.



## गलत हुआ तो आवाज उठाना जरूरी

**इंदौर.** सरकारी तंत्र की लापरवाही और उपभोक्ता अधिकारों की अनदेखी के खिलाफ लड़ने का साहस हर किसी में नहीं होता, लेकिन 72 साल के धन्नालाल पावेचा ने यह साबित कर दिया कि अगर हक सही हो तो आवाज उठाना जरूरी है. महज 699 रुपए के गलत बिजली बिल में सुधार के लिए उन्होंने महीनों तक बिजली विभाग के दफ्तरों के चक्कर लगाए.

# 10 हजार में खाद की बोरी ब्लैक में बिकी

## प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने लगाया आरोप

**भिंड, 05 नवंबर. मध्यप्रदेश के भिंड में प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने प्रदेश में खाद की बिक्री पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं.**

उन्होंने सहकारिता मंत्री डॉ. विश्वास सारंग को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि भिंड जिले के लहार और दबोह के वेयरहाउस से 10 हजार से ज्यादा डीएपी और यूरिया की बोरियां ब्लैक में बेची गईं. उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है. पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने अपने पत्र में लिखा कि मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ भोपाल के अंतर्गत आने वाले लहार और दबोह के वेयरहाउस से किसानों को मिलने वाली खाद की बोरियां ब्लैक में बेच दीं गईं.



▸ सहकारिता मंत्री डॉ. विश्वास सारंग को लिखा पत्र

### गोदाम से बेची गई बोरियां

उन्होंने बताया कि गोदाम से लगभग 10 हजार से अधिक डीएपी, यूरिया और एनपीके की बोरियां 100 से 200 रुपए प्रति बोरी अधिक कीमत में ब्लैक कर के बेची गईं.

### ▸ जांच के दौरान मिली थी बोरियां

उन्होंने कहा कि लहार के एसडीएम विजय यादव को जब खाद की कालाबाजारी की शिकायतें मिलीं, तो उन्होंने मौके पर छापा मारा. जांच के दौरान हजारों खाद की बोरियां स्टॉक में कम पाई गईं. इसके बाद गोदाम प्रभारी दीपक शर्मा को निलंबित किया गया और लहार गोदाम को सील कर जांच के निर्देश दिए गए. डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि जिले के अधिकारियों द्वारा अब तक दोषी गोदाम प्रभारी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

## स्टॉपडेम गेट विहीन होने पर होगी कार्रवाई

**शाजापुर.** कलेक्टर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वर्षा के जल संचय के लिए 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है. कलेक्टर बाफना द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा कर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम 2 बोरी बंधान के कार्य अनिवार्य रूप से करवाए. साथ ही चिन्हित स्थलों पर बोरी बंधान का कार्य इसी सप्ताह में पूर्ण करवा लिया जाए. प्रत्येक बोरी बंधान कार्य उपयंत्री के तकनीकि मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण करवाया जाए.

# तीन स्पेशल ट्रेनों का किया जा रहा संचालन

**भोपाल. पश्चिम मध्य रेलवे ने अतिरिक्त यात्री दबाव और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बरौनी से बांद्रा टर्मिनस के लिए तीन स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है. ये सभी ट्रेनें भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेंगी.**

रेल प्रशासन के अनुसार, त्योहारों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में अतिरिक्त विकल्प मिल सके.

नीचे तीनों विशेष ट्रेनों का विस्तृत विवरण दिया गया है –

गाड़ी संख्या 05213 — बरौनी–बांद्रा टर्मिनस (एक ट्रिप)

प्रस्थान: 07 नवम्बर 2025,



दोपहर 12:00 बजे बरौनी से मार्ग:सतना (01:20 रात्रि), कटनी (02:55), जबलपुर (04:05), इटारसी (09:05) पहुंच: तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस संरचना: 1 थर्ड एसी, 8 स्लीपर, 10 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी गाड़ी संख्या 05215 — बरौनी–बांद्रा टर्मिनस (एक ट्रिप) प्रस्थान: 08 नवम्बर 2025, दोपहर 12:00 बजे मार्ग: वही ठहराव — मोकामा, पटना, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, वलसाड आदि पहुंच: तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस संरचना: 1 सेकंड एसी, 14 स्लीपर, 4 जनरल, 2 एसएलआरडी गाड़ी संख्या 05217 — बरौनी–बांद्रा टर्मिनस (एक ट्रिप) प्रस्थान: 09 नवम्बर 2025, दोपहर 12:00 बजे मार्ग: वही रूट — मोकामा, दानापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, वापी, पालघर, विरार, बसई रोड, पहुंच: तीसरे दिन प्रातः 04:45 बजे बांद्रा टर्मिनस संरचना. 14 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी इन ट्रेनों के ठहराव, समय और कोच संरचना की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, 'रेल मदद' सेवा 139 या ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है.

# इंदौर में मेट्रो के दूसरे चरण की तैयारी शुरू

**इंदौर, 5 नवम्बर. मध्य प्रदेश मेट्रो ने इंदौर मेट्रो की सुविधा बढ़ाने को लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. एमपी मेट्रो कॉर्पोरेशन ने दूसरे चरण के लिए नया मार्ग तय कर लिया है और उसका प्रस्ताव कर रहे हैं.**

इसकी डीपीआर बनाने पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा. खास बात यह है कि इस बार दूसरा चरण पूरा भूमिगत लाइन पर बनेगा. मेट्रो की येलो लाइन का हिस्सा खजराना से रीगल चौराहा तक बनाने का फैसला होगा जब होगा. एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इंदौर में मेट्रो रेल का विस्तार करने की योजना बना ली है. इसके तहत एमपी मेट्रो दूसरे चरण में



अरविंदो से राजेंद्र नगर तक भूमिगत लाइन डालेगा. यह मेट्रो की रेड लाइन होगी. इस लाइन का सेंटर बड़ा गणपति स्टेशन बनाने का प्रस्ताव किया गया है. मेट्रो रेल के सूत्रों के अनुसार मेट्रो का दूसरा चरण लवकुश चौराहे से भूमिगत होकर बड़ा गणपति से महू चौराहे, अन्नपूर्णा होते हुए राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन तक बनाया जाएगा. एमपी मेट्रो ने इसकी अनुमानित लागत करीब 35 सौ करोड़ रुपए मानी है. यह करीब 15 किलोमीटर से ज्यादा लंबी रेड लाइन होगी. इसमें येलो लाइन की मेट्रो का क्रॉसिंग भी होगा. बताया जा रहा है कि उक्त पूर्णतः भूमिगत रेल लाइन में अन्नपूर्णा, महूनाका, बड़ा गणपति, मरीमता चौराहा, कुशवाह नगर, बाणगंगा स्टेशन होंगे. उक्त लाइन का प्राथमिक स्तर पर मार्ग तय हो चुका है. बताया जा रहा है कि भविष्य में राजेंद्र नगर से राऊ और फिर महू को मेट्रो से जोड़ने की योजना भी है.

### दूसरे चरण की डीपीआर की तैयारी

अरविंदो से राजेंद्र नगर भूमिगत लाइन बिछाने का भी तय हो गया है और दूसरे चरण की डीपीआर तैयार करने के साथ ही प्रदेश सरकार के अनुमोदन के बाद दिल्ली मेट्रो को भेजने की तैयारी चल रही है. डीपीआर मंजूर होते ही एमपी मेट्रो कॉर्पोरेशन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देगी. इस सब प्रक्रिया में छह माह का समय तय किया गया है.

# रीवा में यूनिटी मार्च निकाला जाएगा : सांसद

**रीवा, 5 नवम्बर. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समूचा देश धूमधाम से मना रहा है. इसी कड़ी में देश भर के सभी संसदीय क्षेत्रों में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है. भाजपा कार्यालय में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने यूनिटी मार्च के बारे में जानकारी दी.**

उन्होंने बताया कि 150वीं जयंती पर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं व्यक्तित्व पर जागरुकता कार्यक्रम चल रहा है. इसी कड़ी में गुढ़, सेमरिया सहित अन्य लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग व समाज के सभी वर्गों को जोडने के लिए यूनिटी मार्च निकाला जाएगा. उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत, लोकल फार वोकल विषय पर लोगों को जानकारी दी जाएगी. साथ ही उन्होंने एसआईआर के सवाल पर कहा कि भारतीय नागरिकों को मतदान का अधिकार मिले यह जरूरी है.




भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आजादी का मंत्र बने वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष 7 नवम्बर को पूरे हो रहे हैं. ऐसे में वर्ष भर स्वतंत्रता के मंत्र वंदे मातरम को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसी कड़ी में शहर के ऐतिहासिक पद्मधर पार्क में 7 नवम्बर की सुबह 11 बजे पूर्ण वंदे मातरम का गायन गरिमा के साथ किया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि वंदे मातरम का यह आयोजन आगामी 26 नवम्बर 2026 तक चलेगा.

# एमआर-9 पर तोड़फोड़ के बीच नायब तहसीलदार पर केस दर्ज

▸ नगर निगम की टीम ने की थी कार्रवाई

▸ नायब तहसीलदार का हो गया था विवाद

**इंदौर, 5 नवम्बर. नगर निगम की टीम बुधवार को एमआर-9 रोड पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई में जुटी थी, इसी बीच उसी इलाके में एक अलग ही मामला चर्चा में आ गया. देवास जिले के बागली में पदस्थ नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा के खिलाफ एमआईजी थाने में विवाद के बाद एफआईआर दर्ज की गई.**


हर्षा वर्मा एमआर-9 रोड पर ही रहती हैं. बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे वे रूट बदलकर अपने घर से निकलीं, तभी मालवीय नगर क्षेत्र में गाड़ी निकालने को लेकर एक व्यक्ति से उनका विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने थाने का रुख कर लिया. एमआईजी पुलिस ने पहले नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. शाम करीब 5 बजे जब उन्हें इसकी जानकारी मिली, तो वे भी थाने पहुंचीं और युवक के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई. पुलिस दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर जांच कर रही है.

# धार रोड पर कलर फैक्ट्री में लगी आग

### पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का किया प्रयास

**इंदौर, 5 नवम्बर. ग्राम सिंहासा स्थित धार रोड पर दोपहर एक कलर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा गोदाम लपटों में घिर गया.**

सूचना मिलते ही बाणगंगा और लसूड़िया थानों की पुलिस टीमों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया. एसआई फायर ब्रिग्रेड शिवनारायण शर्मा ने बतायाकि फैक्ट्री से पहले तेज धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों



में लपटें आसमान तक पहुंच गईं. फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ और केमिकल सामग्री होने से आग लगातार बढ़ती गई.

आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पास की इकाइयों को भी एहतियातन खाली कराया. फायर ब्रिगेड ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया है. घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है



# उर्वरकों की वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**सतना,05 नवम्बर. कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा 18 जून 2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों का वितरण पारदर्शी एवं निर्बाध तरीके से सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं.**

कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने संभाग के सभी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा है कि रबी की बोनी को दृष्टिगत रखते हुए अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत उर्वरकों की समुचित वितरण व्यवस्था के लिए मैदानी अमलों का दायित्व सुनिश्चित करें.


# रनवे पर अचानक बजे अलार्म से मचा हड़कंप

## 03 घंटे बाद मुंबई के लिए उड़ी फ्लाइट

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मुंबई के लिए उड़ान भरने जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई -2750 को टेकऑफ से ठीक पहले रनवे पर रोकना पड़ा.**

उड़ान भरने से कुछ क्षण पहले पायलट को फायर इंडिकेशन अलार्म मिला, जिसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तत्काल विमान को रोकने के निर्देश जारी किए. सूत्रों से मिली जानकारी के



अनुसार फ्लाइट का निर्धारित समय शाम 7:50 बजे था और उस समय 163 यात्री विमान में सवार थे. अचानक अलार्म बजने के बाद टेक्निकल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. प्रारंभिक परीक्षण में कोई खतरा नहीं मिलने पर विमान को बाद में उड़ान की अनुमति दी गई. करीब साढ़े तीन घंटे की देरी के बाद रात 11:41 बजे फ्लाइट ने मुंबई के लिए उड़ान भरी.

सूत्रों का कहना है कि लंबे समय तक विमान के भीतर बैठने के बावजूद उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी. कुछ यात्रियों ने इस संबंध में एअर इंडिया से शिकायत की, जबकि एक यात्री के परिजन ने सिविल एविएशन मंत्रालय में डीजी फैज़ अहमद किदवई को भी स्थिति की जानकारी दी. घटना के बाद एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत यह कार्रवाई की गई थी और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही उड़ान को रवाना किया.

# ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता पर हाईकोर्ट का दखल से इंकार

**जबलपुर. ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने उचित कारण नहीं होने के कारण याचिका में दखल देने से इंकार कर दिया.**


जिसके बाद याचिकाकर्ता की तरफ से याचिका वापस लेने के आग्रह किया गया. युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया. गेस्ट टीचर कोआर्डिनेशन कमेटी अशोक नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे की तरफ से दायर की गयी याचिका में 20 जून 2025 को राज्य सरकार के द्वारा जारी उक्त आदेश को चुनौती दी गयी थी,जिसके तहत 1 जुलाई 2025 से पूरे राज्य में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया था. याचिका में कहा गया था कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल ढांचा कमजोर है. मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी में दिक्कत रहती है. कई शिक्षक स्मार्टफोन खरीदने तथा उसका संचालन करने में असमर्थ है. याचिका में मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक शिक्षण निदेशालय को अनावेदक बनाया गया था. युगल पीठ ने सुनवाई करते हुए पाया कि पूर्व में भी इसी आधार पर याचिका दायर की गयी है. सामान्य मुद्दो पर दूसरी याचिका दायर की गयी है.

**पर्व** ▸ 21 हजार दीयों से जगमगाया मेढ़ौली घाट, रंगोली में छलका विस्थापन का दर्द

# काशी-अयोध्या की तर्ज पर मनाई देव दीपावली

**सिंगरौली 5 नवम्बर. मोरवा स्थित मेढ़ौली छठ घाट पर इस वर्ष देव दीपावली का आयोजन बेहद भव्य और अनूठा रहा. कार्तिक पूर्णिमा की पावन संध्या पर घाट पर जलते 21 हजार दीयों की रोशनी ने वातावरण को आध्यात्मिकता, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक गर्व से भर दिया.**

सूर्य पूजन डाला छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में काशी और अयोध्या की झलक देखने को मिली. जहां एक ओर काशी की तर्ज पर अलौकिक गंगा आरती हुई, वहीं अयोध्या की भांति दीपों से घाट



जगमगाया और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. बता दें कि लगातार चार वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है. मोरवा वासियों का उत्साह इस आयोजन में स्पष्ट नजर आया और शाम से ही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों छात्रों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया. छात्र-छात्राओं और अन्य संस्थानों के छात्रों ने कई घंटे की मेहनत से मनमोहक रंगोलियाँ बनाई. इन रंगोलियों में जल संरक्षण, वायु प्रदूषण और मोरवा के विस्थापन के दर्द को रेखांकित किया गया.

जिसने समाज और प्रशासन को सोचने पर मजबूर कर दिया. पटना से आए कलाकारों की भक्ति प्रस्तुति ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया. जबकि आकाश में छूती शानदार आतिशबाजी ने उत्सव को और रोमांचक बना दिया. जबलपुर और प्रयागराज से आए पुजारियों द्वारा विधिवत गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसे देखकर लोगों को काशी का अलौकिक दृश्य याद आ गया. कार्यक्रम में ननि महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिपं उपाध्यक्ष अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे.

# एसआईआर मॉनिटरिंग के लिए बनी कमेटी

**ग्वालियर, 5 नवम्बर. ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे ने मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ग्वालियर ग्रामीण में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की टीम गठित की है.**

सभी सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी, ग्वालियर ग्रामीण के अध्यक्ष साथ मिलकर मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने के कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे.

जिला ग्रामीण कांग्रेस ग्वालियर की एसआईआर मॉनिटरिंग समिति में अशोक सिंह सांसद अध्यक्ष होगे जबकि दोनों विधायक साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव,



पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, पूर्व विधायक प्रवीण पाठक सदस्य होंगे.

इनके अलावा देशराज भार्गव प्रभारी निर्वाचन कार्य, योगेश जाट प्रभारी 14, ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा, मान सिंह कुशवाह प्रभारी डबरा, अखलेश जाटव प्रभारी भितरवार विधानसभा सदस्य होंगे. समिति के सभी सदस्यं ग्वालियर ग्रामीण स्तर पर एसआईआर कार्यक्रम के दौरान सक्रियता से मॉनिटरिंग कर मतदाता को होने वाली परेशानीयों पर नजर रखते हुए उसे दूर कराने का कार्य करेंगें.